बेहतर स्वास्थ्य की ओर

ग्रामीण स्वच्छता

अनुक्रमणिका :

COMMUNITY HEALTH CELL
LIBRARY
AND
DOCUMENTATION
UNIT
BANGALORE

बेहतर स्वास्थ्य की ओर

ग्रामीण स्वच्छता

कार्ड-1

शान्ता लोगों को समझती है कि केवल घरों की सफाई गाँव को साफ रखने के लिए पर्याप्त नहीं है। अच्छे स्वास्थ्य के लिए घर के साथ साथ गाँव के वातावरण को भी साफ रखना आवश्यक है। वह समझती है कि लोगों को -

1. कूड़ा सड़कों पर नहीं फेंकना चाहिए।

2. घरेलू सोकेज पिट का पानी गाँव की सड़कों पर नहीं फैलने देना चाहिए।

3. घरेलू गन्दे पानी को गाँव की सड़कों पर नहीं बहने देना चाहिए।

4. छोटे बच्चों को घर के बाहर या सार्वजनिक नालियों में शौच नहीं करने देना चाहिए।
5. सड़कों पर थूकना या पेशाब नहीं करना चाहिए।

unicef

कार्ड-2

ग्राम पंचायत ने गाँव की सफाई के कामों के लिए एक कमेटी बनाई है। इस कमेटी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, विद्यालय अध्यापक, ग्राम प्रधान, ग्राम स्वच्छता प्रेरक, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं ग्राम महिला मण्डल की सचिव शान्ता सम्मिलित हैं। शान्ता अपनी स्वच्छता के ज्ञान व जागरूकता के कारण अभी कुछ दिन पहले ही महिला मण्डल की सचिव बनाई गयी है।

कार्ड-3

गाँव के साफ वातावरण के लिए, कमेटी ने लोगों के बीच में पीने के पानी का रख रखाव और बर्ताव, बेकार पानी की निकासी, मानव मल का निपटान, कूड़े कचरे व गोबर का निपटान, घर एवं भोजन की स्वच्छता एवं व्यक्तिगत सफाई के प्रति जागरूकता पैदा करने का संकल्प किया है।

unicef

कार्ड-4

गाँव वालों ने हैण्डपम्प व कुएं जैसे जल स्रोतों के पास नालियाँ बनाई हैं ताकि बेकार पानी के द्वारा आस पास के खेतों की सिंचाई की जा सके।

unicef

कार्ड-5

प्रमुख बाजार के बीच में स्थित लगे हुए हैण्डपम्प के बेकार पानी को खेतों तक नहीं ले जाया जा सकता, इसलिए गाँव वालों ने पास में ही एक बड़ा सोकेज पिट बनाया है जिसकी वे देख-भाल करते हैं।

unicef

कार्ड-6

बेकार पानी के निपटारे के लिए गाँव की सड़कों के दोनों ओर नालियाँ बनाई गयी हैं। ग्राम-पंचायत ने गाँव वालों को नालियों के निर्माण के लिए पैसे जमा करने के लिए प्रेरित किया है।

unicef

कार्ड-7

गाँव में कूड़ा डालने के लिए सड़कों पर कूड़ेदान लगे हैं। गाँव वालों ने सार्वजनिक कूड़े के लिए अलग जगह बना रखी है। जिन लोगों के घरों में अपना कूड़ेदान नहीं होता वह इसमें कूड़ा फेंकते हैं। इन सार्वजनिक कूड़ेदानों की नियमित सफाई कराने का काम पंचायत ने ले रखा है।

unicef

कार्ड-8

ग्राम पंचायत ने सामुदायिक चन्दे व विशेष योजनाओं आदि के द्वारा गाँव की सफाई का कार्य ले रखा है।

unicef

कार्ड-9

गाँव वालों ने चन्दा इकट्ठा करके आंगनबाड़ी केन्द्र तथा विद्यालय में स्वच्छ शौचालयों का निर्माण किया है।

स्कूल
unicef